# SHREYAS योजना

**स्रोत: पी.आई.बी.**

युवा अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति योजना **श्रेयस** (Scholarships for Higher Education for Young Achievers Scheme- **SHREYAS**) हाशिये पर पड़े समुदायों के लिये उच्च शिक्षा का समर्थन करने की दिशा में भारतीय सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल रही है।

- SHREYAS योजना में हाल के अपडेट से पर्याप्त निवेश और योजना की व्यापक पहुँच का पता चलता है, जो**अनुसूचित जातियों (SC)**, **अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)** और **आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (EBC)** के लिये शैक्षिक उन्नति को बढ़ावा देने में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।
- SHREYAS योजना में दो विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं, जो अलग-अलग वर्ग के शिक्षार्थियों की उच्च शिक्षा का समर्थन करने के लिये डिज़ाइन किये गए हैं, जैसे:
  **(i) SC के लिये SHREYAS** और
  **(ii) OBC एवं EBC के लिये SHREYAS**
    - **कुल व्यय:** सत्र 2014-15 से सत्र 2023-24 तक 97,928 SC शिक्षार्थियों के लिये 2708.64 करोड़ रुपए खर्च किये गए।
        - इसी अवधि में OBC शिक्षार्थियों के लिये 38,011 और EBC शिक्षार्थियों के लिये 585.02 करोड़ रुपए खर्च किये गए।
    - **SC के लिये SHREYAS:** IIT, IIIT, IIM और AIIMS जैसे 266 प्रमुख संस्थानों में अध्ययन के लिये SC छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
        - इस वार्षिक छात्रवृत्ति के तहत 125 SC छात्रों को विदेश में शीर्ष **500 QS रैंकिंग संस्थानों** में अध्ययन करने के लिये **राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति** दी जाती है।
        - नियमित UGC फेलोशिप के अलावा, भारत में PhD में अध्ययन के लिये सालाना 2000 फेलोशिप प्रदान की जाती हैं।
    - **OBC और EBC के लिये SHREYAS:** प्रत्येक वर्ष 3500 आर्थिक रूप से वंचित SC और OBC उम्मीदवारों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गई, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा की प्रवेश परीक्षा में सहायता मिली।
- भारत में अन्य शिक्षा योजनाओं में **राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संवर्द्धित शिक्षा कार्यक्रम**, **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ**, **PM SHRI स्कूल** और **राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति (NMMS)** शामिल हैं।

**और पढ़ें: श्रेयस योजना**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shreyas-scheme-2